कार्यालय पुलिस नियंत्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

प्रेस–नोट
(दिनांक 19.03.2024)
आयुक्तालय जोधपुर

लोकसभा चुनाव 2024 के मध्यनजर श्रीमान् राजेंद्र सिंह पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार आयुक्तालय जोधपुर क्षेत्राधिकार में दिनांक 18.03.2024 को वक्त 07.00 पीएम से 11.00 पीएम तक आबकारी, आर्म्स, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमे दर्ज करने एवं इंसदादी कार्यवाही करने हेतु अभियान चलाया गया।

दौराने अभियान समस्त पुलिस थाना आयुक्तालय जोधपुर में थानाधिकारीगण द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्र में दिए गए टास्क के अनुसार कार्यवाही की गई। जिसके अंतर्गत 02 प्रकरण आबकारी एक्ट में, 06 प्रकरण आर्म्स एक्ट में **(पुलिस थाना प्रतापनगर द्वारा आर्म्स एक्ट कार्यवाही में 01 देशी कट्टा बरामद किया)** तथा एनडीपीएस एक्ट में 3 प्रकरण दर्ज किए गए व अन्य संदिग्ध व्यक्तियों का पता लगाने हेतु गिरफ्तार अभियुक्तो से गहन पूछताछ की जा रही है। जिससे अन्य संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में ऐसे प्रकरणो मे लिप्त होने वाले अपराधियों की सूचना प्राप्त कर उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सके।

इसके अलावा अभियान के दौरान इंसदादी कार्यवाही के अंतर्गत 299 जा. फौ. में 01, स्थाई वारंट 10, 110 जा.फौ. में 2, 151 जा.फौ. में 13, 60 पुलिस एक्ट में 52, 185 एमवी एक्ट में 19 चालान कार्यवाही की गई तथा 63 व्यक्तियों का पर्चा 'ब' जारी किया गया।

पुलिस द्वारा आमजन को ऐसे प्रकरणो मे लिप्त होने वाले अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना पुलिस विभाग को देने हेतु आमजन से अपील की गई।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के शांतिपूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से चुनाव संपन्न कराये जाने हेतु पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में इसी प्रकार से विशेष अभियान चलाकर अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही की जाती रहेगी।

प्रभारी

पुलिस नियंत्रण कक्ष,
आयुक्तालय जोधपुर।

19-Mar-24